ई–मेल द्वारा प्राप्त.

शीर्ष प्राथमिकता/आज ही/ई–मेल/अनुस्मारक
संख्या– 1137/आठ–6–2024

प्रेषक,

महेन्द्र प्रसाद भारती,
विशेष सचिव,
उ०प्र० शासन।

सेवा में,

1	आयुक्त, आवास एवं विकास परिषद, उ०प्र० लखनऊ।	2	निदेशक, नगर भूमि सीमारोपण, उ०प्र० लखनऊ।	3	उपाध्यक्ष/अध्यक्ष, समस्त विकास/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उ०प्र०।
4	नियत प्राधिकारी/ जिलाधिकारी, समस्त विनियमित क्षेत्र,उ०प्र०।	5	मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग, उ०प्र० लखनऊ।	6	निदेशक, आवास बन्धु।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–6 लखनऊःदिनांक 31 मई, 2024

विषयः समूह–'क' एवं 'ख' श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किये जाने की व्यवस्था के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–1005/आठ–6–2024 दिनांक 08.05.2024 के माध्यम से आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के अन्तर्गत स्थापित/कियाशील निदेशाल/विभागाध्यक्ष कार्यालय के विभागाध्यक्षों को अपने अधीन कार्यरत समूह–'क' एवं 'ख' के अधिकारियों को वर्ष 2023–24 से वार्षिक प्रविष्टि (ए०सी०आर०) मानव संपदा पोर्टल पर दाखिल किये जाने हेतु workflow जेनरेट कराना सुनिश्चित कर एवं उक्त श्रेणी के अधिकारियों को समयान्तर्गत स्वमूल्यांकन आख्या निर्धारित समय सारिणी के अनुसार मानव सम्पदा पोर्टल पर online प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करते हुए 'मानव सम्पदा पोर्टल' पर पंजीकृत समूह–क और ख के अधिकारियों के सापेक्ष कुल Workflow जनरेशन की कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु तथा लम्बित/अवशेष कार्यवाही की अद्यतन स्थिति की सूचना सहित बैठक दिनांक–09.05.2024 में प्रतिभाग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था।

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि विभाग में 'मानव सम्पदा पोर्टल' पर पंजीकृत समूह–क और ख के अधिकारियों के साथ–साथ प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत समूह–क और ख के अधिकारियों के सापेक्ष Workflow जनरेशन की कार्यवाही **आज ही** कराते हुए कृत कार्यवाही की सूचना शासन को **आज ही** अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
विशेष सचिव।

GO Deep Comp